**भारत सरकार, रेल मंत्रालय**
**रेलवे भर्ती बोड**

सत्यमेव जयते

## सीईएन सं. 03/2024

**जूनियर इंजीनियर, डिपो सामग्री अधीक्षक, रासायनिक एवं धातुकर्म सहायक, रासायनिक पर्यवेक्षक (अनुसंधान) और धातुकर्म पर्यवेक्षक (अनुसंधान) के विभिन्न पदों की भर्ती**

## आवेदन स्थिति पर सूचना

1 27-07-2024 को जारी सीईएन सं. 03/2024 के अनुसार, जूनियर इंजीनियर, डिपो सामग्री अधीक्षक, रासायनिक एवं धातुकर्म सहायक, रासायनिक पर्यवेक्षक (अनुसंधान) और धातुकर्म पर्यवेक्षक (अनुसंधान) के विभिन्न पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए थे। आवेदन की जांच पूरी हो चुकी है और उम्मीदवार www.rrbapply.gov.in पर अपने यूजर क्रेडेंशियल के साथ लॉग इन करके (i) अनंतिम रूप से स्वीकृत (ii) शर्तों के साथ अनंतिम रूप से स्वीकृत और (iii) अस्वीकृत (कारण के साथ) के तहत अपने आवेदनों की स्थिति देख सकते हैं। ***यह लिंक 23-10-2024 से लाइव रहेगा।***

2 आवेदन की स्थिति के बारे में प्रस्तुत आवेदन में उल्लिखित उम्मीदवार के पंजीकृत मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी पर एसएमएस और ईमेल भेजा जाएगा।

3 यद्यपि अनंतिम रुप से पात्र उम्मीदवारों की सूची तैयार करने में हर प्रकार की सावधानी बरती गई है। आरआरबी किसी भी अनजाने त्रुटी या टाइपोग्राफिकल/प्रिंटिंग गलतियों को सुधारने का अधिकार सुरक्षित रखता है । **आरआरबी अस्वीकृत उम्मीदवारों से किसी भी पत्राचार को स्वीकार करने में असमर्थता के लिए खेद व्यक्त करता है।**

4 सभी स्वीकृत उम्मीदवारों (अनंतिम रूप से स्वीकृत / सशर्त रूप से स्वीकृत) की उम्मीदवारी पूरी तरह से अनंतिम है और उनकी उम्मीदवारी भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण पर या उसके बाद रद्द की जा सकती है, यदि उनके द्वारा अपने आवेदन में कोई असंगति / कमी / गलत रिकॉर्ड या डेटा प्रस्तुत किया जाता है या उम्मीदवारों की ओर से कोई कदाचार भर्ती प्रक्रिया के कसी भी चरण में आरआरबी के ध्यान में आता है।

5 उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे भर्ती प्रक्रिया के बारे में नवीनतम अपडेट के लिए केवल आरआरबी की आधिकारिक वेबसाइट देखें। कृपया अप्रमाणित स्त्रोतों से गुमराह न हों ।

6 उम्मीदवारों के लिए हेल्पडेस्क: -

9592-001-188 & 0172-565-3333

rrb.help@csc.gov.in

समय - प्रात: 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक

दिनांक : 22-10-2024

**अध्यक्ष**
**रेलवे भर्ती बोर्ड**

**<u>महत्वपूर्ण नोट: -</u>** उन दलालों से सावधान रहें जो उम्मीदवारों को अवैध रूप से नौकरी के लिए चयनित करने के झूठे वादों के साथ गुमराह कर सकते है। आरआरबी परीक्षा में भर्ती प्रक्रिया पूरी तरह से कंप्यूटरीकृत है और चयन पूरी तरह से उम्मीदवारों की योग्यता पर आधारित है।